प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
76 साल बेमिसाल
www.subhartimedia.com लखनऊ, शुक्रवार, 08 मई 2020, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 08 उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित अब कमजोर पड़ रहा है कोरोना -8

नगर विकास मंत्री से मिली राशन सामग्री जरूरतमंदों को बांटी

लखनऊ-प्रभात। कोरोना का कहर बढ़ता जा रहा है, प्रतिदिन बढ़ रहे आंकड़े लोगों को डरा रहे हैं, इसके बावजूद कोरोना के दंश से निपटने की जद्दोजहद जारी है। मोदी सरकार के आह्वान पर लॉकडाउन थर्ड जारी है, कोरोना के खिलाफ तो योगी सरकार की भी युद्धस्तर पर तैयारी है। अब जनता की बारी है, हर कीमत पर सरकारी गाइड लाइन का पालन करते हुए सुरक्षित रहे। इसी बीच, नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन (गोपाल जी) द्वारा क्षेत्र में उपलब्ध कराई गई पांच पैकेट राहत सामग्री, जो गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के माध्यम से प्राप्त हुयी तथा विराम खण्ड–5, जनकल्याण समिति द्वारा स्वतः 30 पैकेट सहयोग की गयी (कुल 35 पैकेट) राहत सामग्री का वितरण रेलवे लाइन के किनारे रह रहे गरीब व बेसहारा लोगों में 6 मई 2020 को सामाजिक दूरी का पालन करते हुए वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में, विराम खण्ड–5, जनकल्याण समित के सचिव आरएस मिश्रा पर्यावरणविद व महानिदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज तथा प्रचार सचिव डॉ. भरत राज सिंह और सहायक सचिव एसबीएल मल्होत्रा उपस्थित थे।